

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक135 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 02 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## अंतरिम बजट के प्रावधानों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने जताया प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार

### 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प का आधार तैयार करेगा अंतरिम बजट - भाजपा जिलाध्यक्ष

**विकसित भारत के विराट संकल्प की पूर्ति के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा बजट**
**नया बजट एक सशक्त और समावेशी अर्थव्यवस्था के लिए ब्लू प्रिंट**
**बजट का मूल उद्देश्य आत्मनिर्भर और गरीबी मुक्त भारत का निर्माण है**



सिवनी- 01/02/2024। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो अंतरिम बजट प्रस्तुत किया है, वह 2047 के विकसित भारत के संकल्प का आधार तैयार करने वाला बजट है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत की जो कल्पना की है, यह बजट उसे साकार करने वाला है। इस अंतरिम बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब आदि सभी वर्गों पर फोकस है। यह सर्वव्यापी, सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी बजट इस सोच पर आधारित है कि भारत का सर्वांगीण विकास किस तरह किया जा सकता है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने अंतरिम बजट 2024-25 में किए गए प्रावधानों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताते हुए कही।

**2047 तक विकसित भारत बनाना प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य**

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सोच यह है कि युवा, किसान, गरीब, महिला आदि सभी वर्गों को मजबूती कैसे दी जा सकती है। श्री दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ चुनाव जीतने और सरकार में आने के लिए नहीं है, अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि यह देश के अमृतकाल की शुरुआत है। उनका संकल्प है कि आजादी के अमृतकाल में 2047 तक विकसित भारत कैसे बनाया जाए। श्री दुबे ने कहा कि देश के अन्य नेता जो सोचते हैं, प्रधानमंत्री जी का विजन उससे 100 साल आगे का होता है। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 लाख 11 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान करना, रक्षा के क्षेत्र में 11.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य अगले तीन साल में 5 ट्रिलियन और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है, जिसे हासिल करने में यह बजट काफी मददगार सिद्ध होगा।

**गरीब कल्याण के साथ सर्वहारा के हितों को पूरा करने वाला बजट**

श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का फोकस गरीब, युवा, किसान, महिला आदि सभी वर्गों के उत्थान पर है। इसीलिए इस बजट के अंदर भी दो करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने, स्व सहायता समूहों के माध्यम हमारी बहनों को सक्षम बनाने के प्रावधान किए गए हैं। श्री दुबे ने कहा कि हमारे लिए महिला सशक्तीकरण केवल नारा नहीं है, इसीलिए बजट में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनवाड़ी वर्कर को 5 लाख तक का फ्री में इलाज कराने का अधिकार आयुष्मान योजना में दिया जा रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री जी ने 80 करोड़ परिवारों को पांच किलो अनाज मु त देना शुरू किया था, जिसे पांच साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। यही वजह है कि हमारे प्रधानमंत्री जी की छवि गरीबों के मसीहा के रूप में बन गई है।

**राम रीत से हो रहा नए भारत का निर्माण**

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने जो काम किए हैं, चाहे वो रामलला की प्राणप्रतिष्ठा हो, या गरीबों का जीवन बदलने तथा उन्हें सशक्त और सबल बनाने का अभियान हो, यही काम हमारी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत की संस्कृति और उसके स मान को सारी दुनिया में स्थापित किया है। चाहे वह अंतरराष्ट्रीय योगा डे हो, या फिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो, इनके साथ पूरी दुनिया खड़ी दिखाई दी। आज सारी दुनिया यह महसूस कर रही है कि यह नव भारत का नवोत्कर्ष है। यही हमारे आत्मविश्वास का आधार है। हमारी केंद्रीय वित्त मंत्री अगर यह कहती हैं कि जुलाई माह में हम बजट प्रस्तुत करेंगे, जिसमें बाकी चीजें आएंगी, तो यही हमारा कान्फिडेंस है। श्री दुबे ने कहा कि हम कहते हैं कि 'मोदी के मन में एमपी' तो अब एमपी के मन में भी मोदी जी हैं। हमारा हर बूथ मोदी बूथ बनेगा और आगामी लोकसभा चुनाव में हम सभी 29 सीटों पर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में राम रीत से नए भारत का निर्माण हो रहा है।

**मोदी जी ने बदला भारत की राजनीति का कल्चर**

जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राजनीति का कल्चर बदल गया है। राजनीति में एक वर्क कल्चर शुरू हुआ है, जिसका अर्थ है काम के आधार पर आगे बढ़ना। हर व्यक्ति, जो मिनिस्टर हो या कोई पार्टी पदाधिकारी हो, उसे शुचिता की राजनीति का दिखावा नहीं करना है, बल्कि इसे करके दिखाना है। यही प्रधानमंत्री जी की सोच है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि जो काम में नहीं करने के लिए दूसरों को कहता हूं, वो काम मैं स्वयं भी नहीं करता हूं। इसी में मेरा आत्मबल और आत्मविश्वास है।

## भगवान श्री गणेश जी का 33 वाँ स्थापना दिवस समारोह कल



सिवनी यशोः- प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश जी का स्थापना दिवस दिनांक 3 फरवरी 20 24 दिन शनिवार को श्री गणेश मंदिर छिंदवाड़ा चौक शंकराचार्य चौक सिवनी में स्थापना दिवस पटोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है।

***कार्यक्रम***

कार्यक्रम के संबंध में मंदिर के पुजारी पंडित हरिकुमार तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रातः 7 बजे से - श्री गणेश जी का अभिषेक एवं आकर्षक श्रंगार, 8 बजे से दूर्वा एवं शमी पत्र से सहस्त्र अर्चन एवं गणेश जी के मंत्र का सामूहिक जाप पश्चात प्रातः आरती। दोपहर- 12ः00 बजे से श्री गणेश जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग। दोपहर- 3ः00 बजे से हवन पूजन। संध्या-6 बजे से 108 दीपो का दीपदान। रात्रि- 8 बजे से श्री गणेश जी की महा आरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस पूर्ण वेला में श्रद्धालु भक्तजनों से विनम्र निवेदन है कि विश्व शांति, प्राकृतिक आपदाओं की शांति व सभी के संकट निवारण हेतु सामूहिक पूजन अर्चन कर पूर्ण लाभ अर्जित करें।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर

सिवनी यशोः- नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में दिनांक 1 फरवरी 2024 से 7 फरवरी 2024 तक गोद ग्राम बींझावाड़ा में लगाया जा रहा है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रोफेसर पन्नालाल सनोड़िया जी के कर कमलों द्वारा शिविर का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## शुभम राजपूत ने. यु. के. में जिला सलाहकार समिति में सदस्य नियुक्त



सिवनी यशोः- केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा सिवनी से शुभम राजपूत को सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है ।

नेहरू युवा केन्द्र महानिदेशक नितेश मिश्रा के द्वारा भेजे गये नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि नेहरू युवा केन्द्र के जिला सलाहकार समिति में शुभम राजपूत युवा विकास से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और उनके प्रदान मार्ग दर्शन युवा के दुष्टिकोण के लिये उपयोगी सिद्ध होगा जो युवा के जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करेगा, युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का अनूठा अवसर प्रदान करेंगा ।

जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पिछले वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर माय भारत डिजिटल प्लेटफार्म प्रारंभ किया है यह प्लेटफार्म युवाओं को नई दिशा और नेतृत्व क्षमता प्रदान करने में सहायक है । माय भारत डिजिटल प्लेट फार्म युवाओं को विभिन्न क्षेत्र की स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड़ने में सहायक है इससे युवा वर्ग जुड़ सकें इस प्रकार के प्रयासों को बढाने का काम किया जाना है जिससे युवा विकासात्मक कार्यो में भाग ले सकें और नेतृत्व कौशल भी विकसित कर सकेंगे । इस प्रकार की गतिविधियों में युवाओं को स्वैच्छिक रूप से जोड़ने के लिये एक सलाहकार के रूप में शुभम राजपूत की भूमिका महत्वपूर्ण होगी ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं खेल एवं युवा मामले के केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के महत्वाकांक्षी मिशन को पूरा करने वाली टीम में जिले से शुभम राजपूत के चयन पर जिला भाजप सहित राष्ट्रीय नेतृत्व एवं उनके शुभचिंतको ने उन्हें शुभकामनाएँ दी है वहीं नेहरू युवा केन्द्र के सलाकार सदस्य नियुक्त होने पर शुभम राजपूत ने जिला भाजपा एवं युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रगट किया है ।

## मु य अभियंता के एल वर्मा ने किया औचक निरीक्षण

छपारा यशोः- मध्यप्रदेश विद्युत मंडल छपारा में बीते दिवस जबलपुर से अचानक मु य अभियंता के एल वर्मा ने ओचिक निरीक्षण किया,एवम विभाग के सारे सिस्टम को देखा , एवम सभी कर्मचारियों को हिदायद दी की हितग्राहियों को कोई भी परेशानी न उठाना पड़े ,समय मेंटेनेश होना चाहिए जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशान न होना पड़े। के एल सिवनी जिले के धूमा , छपारा , और सिवनी विधुत मंडल में पहुंचकर विभागीय जे ई से मुलाकात की।

## थाना प्रभारी ने किसानों के साथ की मारपीट, आई जी को हुई शिकायत

घंसौर यशोः- आदिवासी विकासखंड घंसौर के किंदरई पुलिस थाना प्रभारी द्वारा जुआं की कहानी बनाकर किसानों से मारपीट किये जाने का मामला अब आईजी जबलपुर तक पहुंच गया है। हम आपको बता दे कि बीते दिनों किंदरई पुलिस थाना क्षेत्र के किसानों ने किंदरई पुलिस थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों पर अनावश्यक मारपीट का आरोप लगाया था। किसानों ने बताया कि वह जब खेत से सिंचाई करके रात्रि में घर वापस आ रहे थे तब किंदरई थाना प्रभारी ने उनसे मारपीट की थी। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी। वहीं पीड़ित किसान उपचार के लिए जबलपुर चले गए थे। इसके बाद पीड़ित किसानों ने किंदरई पुलिस थाना प्रभारी द्वारा की गई मारपीट के संबंध में जबलपुर आईजी से शिकायत कर दी है।






**जबरन गाड़ी में बिठाकर पुलिस थाना किदरई लाया गया एवं अत्यधिक मारपीट की गई**

पीड़ित किसानों ने जबलपुर में आई जी को की गई शिकायत में उल्लेख किया है कि सचिन पटेल निवासी ग्राम ब्योहारी, संदीप पटेल निवासी ग्राम ब्योहारी, अर्जुन पटेल निवासी ग्राम झुरकी पुलिस थाना किंदरई जो कि 28 जनवरी की रात्रि में लगभग 9 बजे खेत से काम करके खाना खाने जा रहे थे तभी ग्राम झुरकी स्कूल के पास पुलिस थाना किंदरई प्रभारी सब इंस्पे टर श्रीचंद मरावी के द्वारा रास्ते में रोक कर गाली गलौज एवं मारपीट करते हुए जबरन गाड़ी में बिठाकर पुलिस थाना किदरई लाया गया एवं अत्यधिक मारपीट की गई।

**रिश्तेदारों के सामने मारा गया**

आगे पीड़ित किसानों ने शिकायत में उल्लेख किया है कि रात्रि लगभग 1 बजे जब रिश्तेदार थाने आए तो बहुत ज्यादा मारा जा रहा था यह देखकर हमारे रिश्तेदारों ने कहा कि आप डॉ टर से जांच करवाइए तब मुश्किल से किंदरई पुलिस थाना प्रभारी श्रीचंद मरावी द्वारा घंसौर अस्पताल ले जाकर जांच कराई गई एवं हमारे कहने के बाद भी ऐ सरे नहीं कराया गया। वहीं जांच करवा कर वापस लाते समय रास्ते में गाड़ी रोक कर मारपीट के बारे में किसी को बताने पर गोली मारने की धमकी दी गई।

**अज्ञात जगह में रात भर रखकर मारपीट की गई**

पीड़ित किसानों को घंसौर अस्पताल से बिना ऐ सरे कराकर मुलाहिजा कराने के बाद वापस लाया गया था। इसके बाद उन्हें अज्ञात जगह में रात भर रखकर मारपीट की गई। सुबह जब क्षेत्र के अन्य लोग पुलिस थाना आए तब पुलिस थाना की गाड़ी में ही थाना लाया गया और हस्ताक्षर करवा कर छोड़ दिया गया था।

**एसपी और एसडीओपी से की शिकायत, किंदरई थाना प्रभारी बना रहे दबाव**

वहीं पीड़ित किसानों को किंदरई पुलिस थाना प्रभारी व पुलिस कर्मी द्वारा अत्यधिक मारपीट के कारण चलते नहीं बनने से पीड़ित फिर से जांच करवाने घंसौर अस्पताल गये थे तो रविवार होने के कारण उनका इलाज और ऐ सरे नहीं हुआ। जिला चिकित्सालय जबलपुर में आकर पुलिस द्वारा मारपीट की पूरी घटना बताएं तब अस्पताल वालों ने भर्ती कर इलाज किया है। शिकायत में यह भी उल्लेख है की इस घटना की एस.डी.ओ.पी. घंसौर एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा जांच करने की बात कही गई है तो हमारे और हमारे परिवार वालों को थाना प्रभारी सब इंस्पे टर श्रीचंद मरावी द्वारा कई प्रकार से दबाव बनाया जा रहा है। निष्पक्ष जांच करवा कर उचित न्याय दिलाए जाने और इस मामले की जांच होते तक थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग की गई है।

### जबरन नॉलेज




## पलारी चौकी का उन्नयन कर थाना बनाये जाना प्रस्तावित

सिवनी यशोः- थाना क्षेत्रों से दूरी और दूसरी दिक्कतों के मद्देनजर थानों की सीमा का निर्धारण करने के लिए पिछले दिनों जिले में बैठकों का दौर चला था। जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्रस्ताव मंगाए गए थे। जिसके बाद थानों और चौकियों के परिसीमन के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए भोपाल भेजा गया था। जिन्हे अब मंजूरी मिल गई है। इसके अंतर्गत 29 गांवों के थाना और चौकियों में परिवर्तन हुआ है।

**राजपत्र में होगा प्रकाशन**

राज्य शासन ने आदेश जारी कर जिले में थाने और चौकियों की सीमाओं के निर्धारण के अधिकार जिला कले टर समिति को दे दिए हैं। पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में नए थानों का सृजन किया गया है। थानों की सीमाओं को युक्ति संगत बनाने के लिए पुर्ननिर्धारण की आवश्यकता है। सात फरवरी तक सीमा पुर्न निर्धारण संबंधी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना को गृह विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

**जिले में 29 गांवों के बदलेंगे थाने गृह विभाग ने दिए निर्देश,**

**बदल जाएंगे थाने**

मप्र शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों और चौकियों का पुनर्निधारण कर परिसीमन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके तहत अब जिले के 29 गांवों के थाना और चौकी क्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। इनमें डूंडासिवनी थाना के घाट पिपरिया को बंडोल थाने में शामिल किया गया है। इसी प्रकार नरेला को सिवनी में शामिल कर लिया गया है। बंडोल के पुसेरा को थाना लखनवाड़ा, अरी के ग्राम आमागढ़ को डूंडासिवनी, कुरई के बहनी, हरहरपुर व कंटगी को लखनवाड़ा थाना में शामिल किया गया है। इसी प्रकार कान्हीवाड़ा के खुर्सीपार, खमरिया, भालीवाड़ा, टेकररांजी, समनापुर को चौकी पलारी में शामिल किया गया है। इसी प्रकार उगली के ग्राम पंडरापानी को बरघाट एव आदेगांव के धोरिया, लालपुर, छिंदवाह, तेंदनी, चिखली, घोघरी, तिलेपानी और पौंड़ी को छपारा थाने में शामिल किया गया है। इसी तरह धूमा के रजगढ़ी व पड़रिया को घंसौर, घंसौर के धाधरखेड़ी एवं केवलारी यादव को धूमा में शामिल किया गया है। वहीं घंसौर के केवलारी मुरारी को थाना घनौरा, थाना घनौरा के ग्राम गोहलिया को घंसौर, किंदरई के अनकवाड़ा व करहैया को थाना घंसौर में शामिल किया गया है।

**फिलहाल पलारी का प्रस्ताव विचाराधीन**

केवलारी थाना क्षेत्र में स्थित पलारी चौकी को उन्नयन कर थाने में परिवर्तित करने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया था। इसमें छपारा, केवलारी और कान्हीवाड़ा के कुछ गांवों को शामिल करने की बात थी। इस प्रस्ताव पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

**अपराध सं या पर नजर**

गृह विभाग का कहना है कि सीमा का पुनर्निर्धारण में थाने की पारस्परिक अपराध सं या, स्थानीय परिस्थितियां और कोई विशेष परिस्थितियां हों तो उन्हें भी ध्यान में रखा जाए। गौरतलब है कि आबादी सं या, अपराध की दर, क्षेत्राधिकार को देखते हुए 14 साल में पुलिस थानों की सीमाओं का निर्धारण नए सिरे से किया जाता है। पिछली बार 2010 में पुलिस थानों की सीमाओं का निर्धारण किया गया था।

## करदाताओं से कर एव अन्य प्रकार के भुगतान जमा करने नपा ने किया आग्रह

सिवनी यशोः- सिवनी नगरपालिका के करदाता एवं लीज धारकों से नगरपालिका के समस्त करों का भुगतान एवं नगरपालिका स्वामित्व के भूमि, दुकान, मकान के समस्त लीज धारक जिन्होंने प्रीमियम का भुगतान, वार्षिक किराया, अंतर की राशि या अन्य कोई बकाया नगरपालिका में जमा नही किया है ऐसे बकायादारों से नगरपालिका ने अपनी की आर्थिक स्थिति का हवाला देकर शीघ्र भुगतान जमा करने का आग्रह नपा के अध्यक्ष शफीक खान ने स्वास्थ्य समिति के सभापति राजिक अकील द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से किया है । जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि भवन मालिक जिन्होंने नगरपालिका से भवन निर्माण अनुमति नहीं ली है या वह प्लाट धारक जो कि भवन निर्माण कराना चाहते है वे सभी नगरपालिका से भवन निर्माण अनुमति लेकर ही भवन निर्माण करे। राज्य शासन द्वारा स्थानीय निकाय को दी जाने वाली निधि में कटौती की गई है प्रति वर्ष निकाय को मिलने वाली निर्माण कार्य एवं अन्य मदो की निधि भी अभी तक अप्राप्त है जिसके कारण नगरपालिका में निर्माण कार्य, कर्मचारियों का वेतन, बिजली का बिल, वाहनों का रखरखाव एवं अन्य व्यय के भुगतान में कठिनाईयां आ रही है। नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान ने नगरपालिका क्षेत्र के करदाता एवं लीज धारकों से अपील किया है कि नगरपालिका के समस्त करों का भुगतान शीघ्र करने का कष्ट करें।

# पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना प्रदेश की सिंचाई में वरदान साबित होगी - जल संसाधन मंत्री सिलावट



**मु यमंत्री डॉ. यादव से मिलकर जल संसाधन मंत्री ने किया आभार व्यक्त**

भोपाल । जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में वरदान साबित होगी। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज मंत्रालय में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने मुलाकात कर इस त्रिपक्षीय परियोजना के एमओयू पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के हस्ताक्षर होने पर आभार व्यक्त किया।

मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच रविवार को श्रमशक्ति भवन स्थित जल शक्ति मंत्रालय के कार्यालय में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ. यादव और राजस्थान के मु यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में सचिव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय श्रीमती देबाश्री मुखर्जी, मध्य प्रदेश के अपर मु य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा और राजस्थान शासन के अपर मु य सचिव, जल संसाधन श्री अभय कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

लगभग दो दशकों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को लाभ पहुंचेगा। प्रदेश के ड्राई बेल्ट वाले जिलों जैसे मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिंड और श्योपुर में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और औद्योगिक बेल्ट वाले जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास और राजगढ़ के औद्योगीकरण को और बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश के मालवा और चंबल अंचल में लगभग तीन लाख हे टेयर का सिंचाई रकबा बढ़ेगा।

# जब कभी समाज में आसुरी प्रवृत्ति जन्म लेगी, तब यह सज्जन शक्ति प्रतीक्षा करेगी परमपिता परमेश्वर के किसी अवतार की

**प्रशांत पोळ**



कालचक्र की गति तेज है. वह घूम रहा है. घूमते - घूमते पीछे जा रहा है. बहुत पीछे. इतिहास के पृष्ठ फड़फड़ाते हुए हमें ले चलते हैं त्रेतायुग में. कई हजार वर्ष पीछे.

इस त्रेता युग में पृथ्वी पर एक बहुत बड़ा भू-भाग है, जिसे आर्यावर्त नाम से जाना जा रहा है. यह प्रगत मानवी संस्कृति का क्षेत्र है. समृद्ध देश है. उच्चतम एवं उदात्त मानवी भाव-भावनाओं से समाज प्रेरित है. समाज में ज्ञान की लालसा है. अध्ययनशील विद्यार्थी है. नए-नए ग्रंथ लिखे जा रहे हैं. उन्नत ऐसी ऋषि संस्कृति का समाज पर प्रभाव है. यज्ञ - याग हो रहे हैं. वायुमंडल और समाज जीवन, दोनों में शुद्धता की सतत प्रक्रिया चल रही है. देवाधिदेव, पृथ्वी पर स्थित इस आर्यावर्त को निहार रहे हैं. इस पर विचरण करने की आकांक्षा रख रहे हैं.

इस आर्यावर्त में, सरयू नदी के किनारे बसा हुआ एक बहुत बड़ा जनपद है, जो %कोशल% नाम से वि यात है. यह समृद्ध है. धन-धान्य से सुखी है. आनंदी है.

**कोसलो नाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान् ।**
**निविष्टः सरयूतीरे प्रभूतधनधान्यवान् ॥5॥**
**(वाल्मीकि रामायण / बालकांड / पांचवा सर्ग)**

इस जनपद की राजधानी है - अयोध्या. समूचे आर्यावर्त में वि यात है. अयोध्या, जहां युद्ध नहीं होता. श्रेष्ठतम नगरी, जिसे स्वयं मनु महाराज ने बनाया और बसाया है.

**अयोध्या नाम नगरी तत्रासील्लोकविश्रुता ।**
**मनुना मानवेन्द्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम् ॥6॥**
**(बालकांड / पांचवा सर्ग)**

यह नगरी अति विशाल है . भव्य है. 12 योजन (अर्थात 150 किलोमीटर) लंबी है और 3 योजन (अर्थात 38 किलोमीटर) चौड़ी है. इस नगरी में विस्तीर्ण राजमार्ग है. लता - वृक्ष, फल - फूलों से यह नगरी सुशोभित है. इस नगरी के चारों ओर गहरा खंदक खुदा हुआ है. सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था है. इस नगरी के लोग उद्यमी हैं. कला प्रेमी है. नृत्य - गान - संगीत - नाटक में परिपूर्ण है. सभी नागरिक धर्मशील, संयमी, सदा प्रसन्न रहने वाले तथा चारित्र्यवान है.

ऐसी पवित्र और संपन्न नगरी जिसकी राजधानी है, ऐसे कोशल जनपद पर, महा पराक्रमी राजा दशरथ राज्य कर रहे हैं. जिस प्रकार आकाशपट पर, सारे नक्षत्रलोक में चंद्रमा राज करता है, उसी प्रकार, शीतल, सुखद शासन राजा दशरथ का है.

**तां पुरीं स महातेजा राजा दशरथो महान् ।**
**शशास शमितामित्रो नक्षत्राणीव चन्द्रमाः ॥27॥**
**(बालकांड / छठवा सर्ग)**

चंडप्रतापी राजा दशरथ, अपने अष्टप्रधानों के साथ लोक कल्याणकारी राज्य चला रहे हैं. उनके सभी आठो मंत्री यह उच्च गुणों से और शुद्ध विचारों से ओतप्रोत है. यह मंत्री है - धृष्टि, जयंत, विजय, सौराष्ट्र, राष्ट्रवर्धन, अकोप, धर्मपाल और सुमंत्र. इनमें, सुमंत्र यह अर्थशास्त्र के ज्ञाता है तथा राज्यकोषीय व्यवहार देख रहे हैं.

यह सारे मंत्री, एक विचार से, देश हित के लिए प्रेरित है. यह सभी विनय संपन्न है. शस्त्र विद्या के ज्ञाता है. सुदृढ़ और पराक्रमी है. इनके सिवा सुयज्ञ, जाबालि, कश्यप, गौतम, दीर्घायु, मार्कंडेय और कात्यायन यह ब्रह्मर्षि भी राजा दशरथ के मंत्री है. ऐसे मंत्रियों के साथ, गुणवान राजा दशरथ, कोशल का शासन कर रहे हैं.

**ईदृशैस्तैरमात्यैश्च राजा दशरथोऽनघः ।**
**उपपन्नो गुणोपेतैरन्वशासद् वसुन्धराम् ॥20॥**
**(बालकांड / बीसवां सर्ग)**

किंतु आर्यावर्त में सभी कुछ ठीक नहीं चल रहा है. अयोध्या तो सुरक्षित है. किंतु अयोध्या के बाहर, न केवल कोशल जनपद में, वरन् समूचे आर्यावर्त में, एक दहशत की काली छाया छाई हुई है. सज्जन शक्ति भयभीत है. ऋषि, मुनियों को, ब्रह्मर्षियों को यज्ञ - याग करना भी कठिन हो रहा है. किसी भी शुभ कार्य में आसुरी शक्तियों के विघ्न डालने का भय लगातार बना हुआ है.

इस दहशत का केंद्र बिंदु है - रावण. सुदूर दक्षिण में, सिंहल द्वीप अर्थात लंका का राजा. पुलस्त्य मुनि जैसे विद्वान ऋषि का पौत्र और वेदविद् विश्रवा का पुत्र. परम शिव भक्त. किंतु अन्यायी, क्रोधी और कपटी राजा. सज्जन शक्ति को कष्ट देने में आसुरी आनंद प्राप्त करने वाला.

इस रावण ने सारे आर्यावर्त में अपने क्षत्रप बनाकर रखे हैं. यह सभी क्षत्रप दानवी प्रवृत्ति के, आसुरी वृत्ति के है. नागरिकों का उत्पीड़न कर रहे हैं. उनसे धन की वसूली करते हैं. सामान्य नागरिकों का जीवन इन्होंने दूभर करके रख दिया है. पूरे आर्यावर्त की सज्जन शक्ति, रावण के इन आसुरी प्रवृत्ति के क्षत्रपों से भयभीत है. अत्यंत कष्ट में है.

यह सज्जन शक्ति प्रार्थना कर रही है, इस सृष्टि के रचयिता से, परमपिता परमेश्वर से, की %रावण नाम का राक्षस, आपका कृपा प्रसाद पाकर, अपने असीम बल से हम लोगों को अत्यंत पीड़ा दे रहा है. कष्ट दे रहा है. हम में यह शक्ति नहीं है, कि हम इसे परास्त करें. अतः आप ही कुछ कीजिए.%

**भगवंस्त्वत्प्रसादेन रावणो नाम राक्षसः ।**
**सर्वान् नो बाधते वीर्याच्छासितुं तं न श नुमः ॥6॥**
**(बालकांड / पंद्रहवा सर्ग)**

देवलोक में सृष्टि के निर्माता, सृष्टि के रचयिता, परमपिता परमेश्वर यह प्रार्थना सुन रहे हैं. वह पृथ्वी के पवित्र देश आर्यावर्त में रावण ने दस दिशाओं में मचाया हुआ उत्पात भी देख रहे हैं. रावण का आतंक, एक प्रकार से प्रत्यक्ष अनुभव भी कर रहे हैं. सज्जन शक्ति को हो रहे कष्ट भी देख रहे हैं.

इन सब को देखते हुए. सृष्टि के रचयिता यह तय कर रहे हैं कि आर्यावर्त के नागरिकों को निर्भय होकर जीवन यापन करने के लिए रावण का विनाश अवश्यंभावी है. किंतु यह विनाश किसी चमत्कार से नहीं होगा, ऐसा परमपिता परमेश्वर ने तय किया है. नरसिंह अवतार में चमत्कार आवश्यक था, कारण हिरण्यकशपू में ऐसी दानवी शक्ति निर्माण हुई थी, जिसे किसी सामान्य व्यक्ति के द्वारा नष्ट करना संभव नहीं था.

**किंतु इस बार नहीं.**

इस बार कोई चमत्कार नहीं. यदि इस बार भी चमत्कार से रावण को नष्ट करते हैं, तो सज्जन शक्ति निष्क्रिय हो जाएगी. जब कभी समाज में आसुरी प्रवृत्ति जन्म लेगी, तब यह सज्जन शक्ति प्रतीक्षा करेगी परमपिता परमेश्वर के किसी अवतार की. वह प्रत्यक्ष संघर्ष नहीं करेगी.

यह उचित नहीं है. इस सज्जन शक्ति के आत्मविश्वास को जगाना होगा. उनमें यह विश्वास निर्माण करना होगा की सारी सज्जन शक्ति यदि एक होती है, संगठित होती है, तो किसी भी बलशाली दानवी शक्ति को परास्त कर सकती है. परमपिता परमेश्वर के अंश इसमें माध्यम बनेंगे. किंतु सारा संघर्ष करेगी सज्जन शक्ति.

बस तय हो गया. भगवान अवतार अवश्य लेंगे. किंतु किसी चमत्कार के बगैर. वे तो संगठित सज्जन शक्ति मे देवत्व का संचार करने का कार्य मात्र करेंगे. इसके लिए वे माध्यम बनेंगे, आर्यावर्त की पवित्र नगरी अयोध्या के चंडप्रतापी राजा दशरथ के पुत्र के रूप में. श्रीराम के रूप में.

# अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया है. उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिये पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिये राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत कर दिया है. कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया है.

वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी. हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया. एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा जिससे देश %नाजुक अर्थव्यवस्था% की श्रेणी से बाहर निकल गर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना.

बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये रखा गया. वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान रखा गया है. राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है. उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है.

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रुपरेखा पेश करेगी. वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, %सुधार, प्रदर्शन और बदलाव% के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी.% चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है. यह बजट अनुमान से अधिक है. यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है.

सीतारमण ने कहा, %हम राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं... हमने राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है और इसपर आगे बढ़ रहे हैं.%

# प्रदेश में श्रम कानूनों, अधिनियमों का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित करें

**श्रमिकों के कल्याण के लिये पूर्ण समर्पण एवं संवेदनशील होकर कार्य करें**

**श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने विभागीय अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश**

**श्रमायुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण**



भोपाल । श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा है कि प्रदेश में श्रमिकों के हितों की चिंता की जाये। उनके कल्याण के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। श्रमिकों के कल्याण के लिये संवेदनशील होकर सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्य करें। प्रदेश में श्रम कानूनों/अधिनियमों का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की व्यापक रूप से जन-जागरूकता लायी जाये, जिससे कि सभी पात्र श्रमिकों तक योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ सरलता से पहुंच सके।

श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल श्रमायुक्त कार्यालय के निरीक्षण के पश्चात आयोजित बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने श्रम पोर्टल के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। पोर्टल को और अधिक अद्यतन करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रवासी श्रमिक, संविदा श्रमिक, मोटर यातायात श्रमिकों सहित संगठित एवं असगंठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिये विशेष प्रयास किये जाने के निर्देश भी दिये। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि श्रम कानूनों/अधिनियमों में समय की जरूरत के मान से सुधार किया जाये। प्रवासी श्रमिकों की परिभाषा को पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के पंजीयन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे राज्य से आने वाले श्रमिकों के स्थानीय स्तर पर पंजीयन की भी जरूरत उन्होंने बतायी। मंत्री श्री पटेल ने नवनियुक्त विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्रम मंत्री श्री पटेल ने श्रम सेवा पोर्टल पर दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश से बाहर प्रवास करने वाले श्रमिकों एवं अन्य प्रदेश से मध्यप्रदेश में आने वाले प्रवासी श्रमिकों की पहचान एवं उन्हें श्रम अधिनियमों का लाभ प्राप्त हो सके, इस संबंध में विशेष प्रयास किये जाने के निर्देश भी दिये। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों को आधार के माध्यम से केवायसी संबंधी आँकड़ों की समीक्षा की। उन्होंने कार्य में गति लाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिये गये। श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से ऐसी सेवाएं जो एक निश्चित समय-सीमा उपरांत डी ड सेवा के रूप में आवेदक को प्राप्त होती है, उन सेवाओं में संतुष्टिप्रद सेवाओं में श्रम विभाग के उल्लेखनीय कार्य के लिये विभागीय अधिकारियों की प्रशंसा की गई।

बैठक में श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष श्री भगवानदास गोंडाने, इंदौर संभागायुक्त श्री मालसिंह, श्रमायुक्त श्री संजय गुप्ता, उप श्रमायुक्त द्वय श्री एल.पी. पाठक और श्री एस.एस. दीक्षित सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश की सभी 23006 ग्राम पंचायत के सचिवों को आरटीआई ट्रेनिंग के आदेश

भोपाल। मध्य प्रदेश में RTI कानून के लगातार उल्लंघन और जानकारी छुपाने में पंचायत विभाग सबसे अव्वल है। इस समस्या से निपटने के लिए राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने मध्य प्रदेश की सभी 23006 ग्राम पंचायत के सचिवों की सूचना का अधिकार अधिनियम की ट्रेनिंग करवाने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सिंह ने आयोग में बढ़ते लंबित अपील प्रकरणों लिए प्रथम अपीलीय अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन विभाग को राज्य के सभी प्रथम अपीलीय अधिकारी के द्वारा प्रथम अपील का निराकरण कानून के अनुरूप 30 दिन सुनिश्चित करवाने के आदेश भी जारी किए हैं।

**मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग में 92 ग्राम पंचायत के प्रकरणों की संयुक्त सुनवाई**

मध्य प्रदेश में ऋञ्ञढ्ढ कानून का सबसे ज्यादा लगातार उल्लंघन ग्राम पंचायतो में होने से राज्य सूचना आयोग परेशान है। सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने ग्वालियर की एक ऋञ्ञढ्ढ आवेदिका कृति शर्मा के द्वारा दायर 92 पंचायतो मे दायर अपील प्रकरण की सुनवाई एक साथ की। इन ऋञ्ञढ्ढ अपील प्रकरणों में ग्वालियर और चंबल संभाग के कुल 92 ग्राम पंचायत से कीर्ति शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों और अंत्येष्टि योजना के हितग्राहियों की सूची मांगी थी।



**सभी प्रकरणों मे अधिकारी की लापरवाही पर आयोग ने दिए क्षतिपूर्ति के आदेश**

पर पंचायत के लोग सूचना अधिकारी ग्राम पंचायत सचिवों ने किसी भी प्रकरणों में कोई भी जानकारी नहीं दी गई। वही इन 92 प्रकरणों में किसी भी प्रथम अपीलीय अधिकारी ने प्रथम अपील का निराकरण नहीं किया जिसके चलते ऋञ्ञढ्ढ आवेदिका को राज्य सूचना आयोग मे द्वितीय अपील लगानी पड़ी। सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने इन सभी मामलों में जानकारी देने के आदेश जारी किए है। राहुल सिंह ने 92 ग्राम पंचायत के सचिव और जनपद पंचायत के प्रथम अपीलीय अधिकारियों की लापरवाही के लिए कृति शर्मा को 2000 की क्षतिपूर्ति भी इन सभी मामलों में देने के आदेश विकास आयुक्त ग्रामीण पंचायत विभाग को जारी किए हैं।

**आयोग ने दिए ग्राम पंचायतों के सचिवों की ऋञ्ञढ्ढ कानून की ट्रेनिंग के आदेश**

वही सिंह ने ग्राम पंचायत स्तर पर हुए ऋञ्ञढ्ढ कानून के उल्लंघन को गंभीर विषय मानते हुए अपने आदेश में कहा कि राज्य सूचना आयोग के समक्ष मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सूचना का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन के प्रकरण ग्राम पंचायत स्तर के होते हैं। सिंह ने कहा कि इस तरह के लगातार उल्लंघन पंचायत स्तर पर कार्यालय व्यवस्था के पारदर्शी होने पर सवालिया निशान लगाते हैं। सिंह ने अपने आदेश पर इस बात पर चिंता जताई कि पूर्व में भी पंचायत विभाग में लगातार उल्लंघन के चलते आयोग द्वारा ग्राम पंचायत की सचिवों की सूचना का अधिकार अधिनियम की ट्रेनिंग करवाने के लिए आदेशित किया गया था पर इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। राज्य सूचना आयुक्त ने पंचायत विभाग के विकास आयुक्त को पुनः सभी ग्राम पंचायत सचिवों की सूचना का अधिकार अधिनियम की ट्रेनिंग सुनिश्चित करवाने के आदेश जारी किए हैं।

**आयोग मे बढ़ते लंबित अपील प्रकरणों के लिए प्रथम अपीलीय अधिकारी जि मेदार**

मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने सूचना आयोग में बढ़ते लंबित प्रकरणों की सं या को लेकर चिंता जताई है। सिंह इन लंबित प्रकरणों के लिए प्रथम अपीलीय अधिकारियों को जि मेदार मानते हैं। सिंह का कहना है कि प्रथम अपीलीय अधिकारी गैर जि मेदार और लापरवाही पूर्वक काम करते हैं। ऋञ्ञढ्ढ कानून के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी धारा 19 (6) के तहत 30 दिन के अंदर प्रथम अपील का निराकरण करने के लिए बाध्य है लेकिनअधिकांश मामलों में वह प्रथम अपील की सुनवाई करते ही नहीं है। मजबूरन ऋञ्ञढ्ढ आवेदक को जानकारी लेने के लिए आयोग के समक्ष द्वितीय अपील दायर करनी पड़ती है जिसके चलते आयोग के सामने लंबित अपील प्रकरणों की सं या बढ़ती जा रही है। राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19 (8)(ड्ड) के तहत लोकप्राधिकारी-प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल को आदेशित किया है कि वे राज्य में समस्त प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम में निर्धारित समयावधि में प्रथम अपील आवेदन का निराकरण समय सीमा में करवाना सुनिश्चित करें।

## कले टर से अभद्रता के मामले में महिला विधायक को 3 महीने सजा

भोपाल। मध्य प्रदेश के दमोह जिले की पथरिया विधानसभा से विधायक श्रीमती रामबाई को जबलपुर स्थित एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा 3 महीने जेल और 500 जुर्माना की सजा से दंडित किया गया है। तत्कालीन महिला विधायक श्रीमती रामबाई को कले टर के साथ अभद्र व्यवहार करने का दोषी पाया गया है। न्यायालय ने कहा कि इस प्रकार के जनप्रतिनिधियों के साथ न्यायालय की सहानुभूति नहीं हो सकती।

मामला 2022 का है। अभियोजन की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि दमोह के तत्कालीन कले टर एस.कृष्ण चैतन्य के साथ दमोह जिले की पथरिया विधानसभा से विधायक श्रीमती रामबाई द्वारा अभद्रता की गई थी। जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुए थे। थाना कोतवाली में यह मामला दर्ज किया गया था और इन्वेस्टिगेशन के बाद दंड निर्धारण के लिए दमोह जिला न्यायालय में चार्ज शीट पेश की गई थी परंतु आरोपी ÷विधायक÷ होने के कारण यह मामला एमपी एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था।

# संगठित होकर ही लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं - विमल गुप्ता




ग्वालियर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर महानगर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों का पथ संचलन रविवार को फूलबाग मैदान से घोष की ध्वनि के साथ निकला. शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. पथ संचलन फूलबाग मैदान से शुरू होकर लक्ष्मीबाई समाधि स्थल, पड़ाव चौराहा, गांधीनगर रेलवे क्रॉसिंग, खेड़ापति मंदिर, द्वारकापुरी, श्रुति एने लेव, अपोलो हॉस्पिटल ,जीडीए ऑफिस होते हुए वापस फूलबाग मैदान पर पहुंचा.

मु य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के सह प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता, मु य अतिथि पद्मश्री अंतरराष्ट्रीय पैरा स्विमर सत्येंद्र लोहिया, विशिष्ट अतिथि ग्वालियर विभाग के सह विभाग संघचालक अशोक पाठक रहे. अध्यक्षता निर्माण आईएएस कोचिंग के संचालक संजय गुप्ता ने की.

मु य वक्ता ने कहा कि सतयुग में ज्ञान शक्ति, त्रेता में मंत्र शक्ति, द्वापर में युद्ध शक्ति का बल था, किंतु कलियुग में संगठन की शक्ति ही प्रधान है. इस शक्ति का जीता जागता उदाहरण है ङ्क 500 वर्षो के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा. उन्होंने कहा कि एक साथ चलने से, स्वर से स्वर मिलाने से बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. इसीलिए हम गीत गाते हैं, संगठन गढ़े चलो. साथ-साथ चलने से संगठन का भाव आता है. युवा मंद-मंद वायु की तरह है, लेकिन जब यह आंधी बन जाएं तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है. सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है. आग में तपकर ही सोना कुंदन बनता है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बलि हमेशा दुर्बल की ही चढ़ाई जाती है. न अश्व की, न गज की, न बाघ की. बलि चढ़ाया जाता है तो दुर्बल की. उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और संघ महाविद्यालीन कार्य के माध्यम से युवाओं में नागरिक शिष्टाचार, संस्कार, राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा, धैर्य, संयम का भाव जागृत करता है. कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि परिचय ग्वालियर विभाग विद्यार्थी प्रमुख मुनेंद्र कुशवाहा ने दिया.

**शारीरिक बल से बड़ा है मन और आत्मबल**

मु य अतिथि ने कहा कि शारीरिक बल से बड़ा मनोबल और आत्म बल है. भारत सरकार ने मुझे पद्मश्री देकर ग्वालियर-चंबल संभाग का मान बढ़ाया है. मैं अभिभूत हूं कि मेरी योग्यता, मेरी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सुशोभित करने हेतु मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया.

## विधायक दिनेश राय मुनमुन का गांव-गांव पहुंचने पर किया गया आत्मीय स्वागत



सिवनी यशोः- गुरुवार एक फरवरी को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के जन आभार यात्रा मे गांव-गांव पहुंचने पर ग्रामीण बंधुओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया जा रहा है। विधायक श्री राय ने जन आभार यात्रा के तहत आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पुसेरा, मुंगवानीकलां, मुंगवानीखुर्द, छिंदवार, मनौरी, रनवेली, हिनोतिया, जाम, कंहरगॉव एवं हथनापुर आदि ग्रामों का दौरा कर ग्रामीण से मुलाकात कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ग्रामीणों बंधुओं द्वारा गांव-गांव मे श्री राय के पहुंचने पर ढोल-बाजे बजाकर आगवानी की एवं शाल श्रीफल भेंटकर कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री राय द्वारा गांवों के मंदिरों मे दर्शन पूजन भी किया गया । श्री राय ने ग्रामीण की समस्याएँ भी सुनी और कहा कि आपने मुझे अपना तीसरी बार विधायक चुना है मै क्षेत्र के विकास और समस्याओं के निराकरण के लिये सतत आपकी सेवा के लिये तत्पर्य रहूँगा

## जल जीवन मिशन के निर्माण ऐजेंसियों की बैठक लेकर कले टर ने दिये समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**अन्यथा की स्थिति में टर्मिनेट होंगे अनुबंध**

सिवनी यशोः- शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के माध्यम से सभी परिवारों को नल के माध्यम से तय समय सीमा में उनके घरों में पेयजल प्राप्त हो इस दिशा में सभी निर्माण कार्यो के अनुबंधकर्ता कार्य करें, इस कार्य मे प्रशासन की ओर से जरूरी सहयोग एजेंसियों दिया जायेगा किन्तु एजेंसी की लापरवाही से किसी भी ग्राम का कोई भी परिवार पेयजल आपूर्ति से अछूता रहता हैं तो स बन्धित एजेंसी पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी.. उक्ताशय की बात कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने गुरुवार 1 फरवरी को आयोजित हुई जल जीवन मिशन के अनुबंधकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही गई। बैठक में कले टर



श्री सिंघल में अनुबंधकर्तावार-कार्यवार टंकियों के निर्माण, वितरण पाईप लाईन तथा कने शन सहित अन्य कार्यो की ग्रामवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अनुबंधकर्ता से धीमे कार्यो में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अनुबंधकर्ता द्वारा योजनावार बनाई गई बिजली, भूमि चिन्हांकन सहित अन्य समस्याओं को त्वरित रूप से निराकरण करने के निर्देश भी स बंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने पीएचई ईई को निर्धारित समय सीमा में भी अनुबंधकर्ताओं के कार्यो में प्रगति न आने पर उन्हें टर्मिनेट करने के निर्देश दिये।

कले टर श्री सिंघल ने जल जीवन मिशन अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में किये गए नल कने शन की भौतिक स्थिति की समीक्षा करते हुये टूटफूट एवं मोटर बन्द होने जैसे अन्य सभी कारणों से बंद योजनाओं को आवश्यक मर मत कर पुनः चालू करने के निर्देश सभी स बंधित अनुबंधकर्ता को दिये। उन्होंने कार्य पूर्णता उपरांत विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण उपरांत संयुक्त रूप से हेंडओवर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कले टर श्री सिंघल ने केसिंग पाइप की अनुपलब्धता के कारण नल कूप खनन के कार्य प्रभावित होना पाया जाने पर उन्होंने कार्यपालन यंत्री पीएचई को डिमांड लेटर भेजने के निर्देश दिये। कले टर श्री सिंघल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ड्रा टमेन द्वारा समय सीमा में ड्राईंग प्रस्तुत न कराना पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## जिले की प्राथमिक शालाओं में 09 फरवरी को आयोजित होगा एफएलएन मेला

सिवनी यशोः- राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के पत्र क्र. 103 दिनांक 04/01/2024 के परिपालन में जिले की प्रत्येक शासकीय प्राथमिक शालाओं में दिनांक 09 फरवरी को एफएलएन मेला का द्वितीय चरण आयोजित किया जना है। इस हेतु पूर्व में 08 जनवरी को प्रदेश स्तर से समस्त शिक्षकों, जनशिक्षकों, बीएसी, बीआरसीसी, एपीसी, डीपीसी व डाइट के अकादमिक स्टाफ का उनमुखीकरण यू-ट्यूब लाइव के द्वारा किया जा चुका है।

पुनः 03 पुन : को दोपहर 12.00 बजे से जिले के समस्त जनशिक्षको का उनमुखीकरण डाइट केवलारी में आयोजित किया गया है, जिसमें प्रथम संस्था के श्री देवेन्द्र प्रजापति के द्वारा 09 फरवरी को आयोजित होने वाले एफएलएन मेला के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जावेगा। एफएलएन मेला में प्रत्येक विद्यालय में अभिभावकों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु बेवलिंक के माध्यम से अभिभावक समूह निर्माण किया जा रहा है। समस्त जनप्रतिनिधियों से अपील की जाती है कि उपराक्तनुसार तिथि पर अपने समीपस्थ विद्यालय में सहभागिता कर गतिविधियों का अवलोकन करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे।

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला - ग्राम बनार निवासी राकेश की 28 सितंबर 2023 को सर्पदंश से मुत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पत्नि सुभद्रा उइके को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- 01 फरवरी को आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कले ट्रेट सभाकक्ष मे कले टर सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक मे उपसंचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा श्री मोरिस नाथ द्वारा वर्ष 2023-24 मे आत्मा योजनान्तर्गत किये गये कार्यो का प्रस्तुतिकरण दिया गया साथ ही प्राकृतिक खेती हेतु शासन से प्राप्त दिशानिर्देशो से समस्त सदस्यों को अवगत कराया। राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण पर गये कृषको द्वारा अपने अनुभवो की जानकारी दी गई। बरघाट के कृषक श्री प्रदीप राहंगडाले द्वारा केचुआं खाद् बनाने एवं जैविक खेती के फायदे बताये। जिले मे दलहन, तिलहन एवं मिलेट्स फसलो का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिये गये। आत्मा योजनांतर्गत वर्ष 2022-23 के लिये कृषक पुरुस्कार हेतु चयनित कृषको को कले टर महोदय एवं अन्य शासकीय/अशासकीय सदस्यों की उपस्थिति मे प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये।




बैठक मे कले टर सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड, मु य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी, उप संचालक कृषि, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला विपणन अधिकारी, रिलाईन्स फाउंडेशन के अधिकारी/कर्मचारी, आत्मा योजना के अधिकारी/कर्मचारी एवं अशासकीय सदस्य श्री वेद सिंह ठाकुर, श्री ओम ठाकुर, श्री अशोक तेकाम, श्रीमति उर्मिला उईके, श्री परसराम सनोडिया, श्री बलराम चन्द्रवंशी, श्री सदन कश्यप उपस्थित रहे।

## जिले में हुई दस्तक अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत

### अभियान के दौरान 1,59,837 बच्चो को सेवायें दी जाएगी

सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि बाल्य कालीन बीमारियों एवं कुपोषण में कमी लाने हेतु साक्ष्यं आधारित हस्ताक्षेप के रूप में शासन द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को वर्ष में 2 बार विटामिन ए घोल के अनुपूरण करायें जाने के दिशा निर्देश दिये गये है। इसके अनुपालन में जिले में दस्तक अभियान के माध्यम से प्रतिवर्ष 2 चरणों में हितग्राही बच्चों। को विटामिन 'ए' अनुपूरण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का



आयोजन दिनांक 30 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 के मध्ये किया जा रहा है।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों का विटामिन 'ए' अनुपूरण एवं दस्तक अभियान प्रथम चरण में 6 माह से 5 वर्ष के चिन्हित एनीमिक बच्चों में डिजिटल हीमोग्लोमबिनोमीटर से हीमोग्लोबिन की फॉलोअप जांच एवं प्रबंधन किया जाएगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के.धुर्वे ने बताया कि जिले में अभियान अंतर्गत 1,59,837 बच्चों को विटामिन 'ए' घोल की खुराक दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बच्चों में विटामिन ए अनुपूरण के कई लाभ होंगे जिसमें यहां बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक, बच्चों की वृद्धि एवं विकास में सहायक, आंखो संबंधी समस्यां के निदान में सहायक, मीजल्स से होने वाली मृत्यु में कमी, विटामिन ए के अनुपूरण से 20 प्रतिशत शिशु मृत्यु को कम किया जा सकता है।

दस्तक अभियान में एएनएम द्वारा तथा एएनएम की निगरानी में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवाएं दी जावेगी। ग्राम स्वास्थ्य , स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दिन विटामिन ए अनुपूरण तथा शेष सेवायें दी जावेगी तथा छूटे हुए बच्चो् को दूसरे दिन मॉपअप दिवस में घर-घर जाकर एएनएम की निगरानी में विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा।

मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने आमजनों से अपील की है कि अपने नजदीकी टीकाकरण स्थल पर पहुंचकर 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें।

## केंद्रीय बजट ने आम जनता को निराश किया -भाकपा

सिवनी यशोः- देश की आम जनता आज बजट को सतर्क होकर सुन रही थी की जनता के लिए लोकसभा आम चुनाव के पहले लोक लुभावना बजट में कुछ प्राप्त करेगी परंतु इस बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम जनता कर्मचारी को कुछ भी नहीं दिया योंकि बजट को पूर्ण बजट रखा है जिसमें देश के वर्किंगे लास के लिए कोई राहत नहीं दी गई है सब कुछ पूर्ववत है परंतु कॉरपोरेट पूंजीपतियों के लिए अडानी अंबानी के लिए मोदी सरकार ने 22त्न की राहत दी है अर्थात गरीबों के लिए कुछ नहीं और अमीरों के लिए 22त्न का तोहफा दिया गया है और जनता के लिए टै स का स्लैब पहले जैसे वैसा का वैसा ही रखा गया है जिससे आम लोगों को किसी तरह का भी फायदा नहीं होगा।

इसीलिए भारतीय क युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक सहित कामरेड राजेंद्र कुमार जायसवाल ओमप्रकाश बोर्ड डॉ बी सी ओके पी आर इनवाती तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश अशोक साहू कामरेड बंदेवार संजू डेहरिया आदि ने चुनाव पूर्व प्रस्तुत अंतरिम बजट में जनता को कुछ नहीं मिलने पर अफसोस जाहिर किया है जिसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी और श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को लोकसभा के आम चुनाव में भुगतना पड़ेगा ताकि कोई भी सत्ताधारी दल आम जनता के साथ खिलवाड़ ना कर सके।

## शुभम राजपूत नेहरू युवा केन्द्र जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त

सिवनी यशो :- केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा सिवनी से शुभम राजपूत को सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है ।

नेहरू युवा केन्द्र महानिदेशक नितेश मिश्रा के द्वारा भेजे गये नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि नेहरू युवा केन्द्र के जिला सलाहकार समिति में शुभम राजपूत युवा विकास से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और उनके प्रदान मार्ग दर्शन युवा के दुष्टिकोण के लिये उपयोगी सिद्ध होगा जो युवा के जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करेगा, युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का अनूठा अवसर प्रदान करेंगा ।

जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पिछले वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर माय भारत डिजिटल प्लेटफार्म प्रारंभ किया है यह प्लेटफार्म युवाओं को नई दिशा और नेतृत्व क्षमता प्रदान करने में सहायक है । माय भारत डिजिटल प्लेट फार्म युवाओं को विभिन्न क्षेत्र की स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड़ने में सहायक है इससे युवा वर्ग जुड़ सकें इस प्रकार के प्रयासों को बढाने का काम किया जाना है जिससे युवा विकासात्मक कार्यो में भाग ले सकें और नेतृत्व कौशल भी विकसित कर सकेंगे । इस प्रकार की गतिविधियों में युवाओं को स्वैच्छिक रूप से जोड़ने के लिये एक सलाहकार के रूप में शुभम राजपूत की भूमिका महत्वपूर्ण होगी ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं खेल एवं युवा मामले के केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के महत्वाकांक्षी मिशन को पूरा करने वाली टीम में जिले से शुभम राजपूत के चयन पर जिला भाजप सहित राष्ट्रीय नेतृत्व एवं उनके शुभचिंतको ने उन्हें शुभकामनाएँ दी है वहीं नेहरू युवा केन्द्र के सलाकार सदस्य नियुक्त होने पर शुभम राजपूत ने जिला भाजपा एवं युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रगट किया है ।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 07 फरवरी को

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि सिवनी जिले में स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता पर आधरित औद्योगिक विकास की संभावनाओं को लेकर 07 फरवरी 2024 को जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में प्रातः 12 बजे एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन विभिन्न विभागों की सहभागिता से किया जायेगा। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।जो आमजन को स्वरोजगार स्थापित करने सहायक होंगी। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं एवं अधिक जानकारी के लिये कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से संपर्क कर सकते हैं।

## कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित

सिवनी यशोः- नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में दिनांक 1 फरवरी 2024 से 7 फरवरी 2024 तक गोद ग्राम बिंझावाड़ा में लगाया जा रहा है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रोफेसर पन्नालाल सनोड़िया जी के कर कमलों द्वारा शिविर का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सनोड़िया जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना ध्वज फहरा कर शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा शिविरस्थल पर वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा गोद ग्राम बिंझावाड़ा में मतदाता जागरूकता, नशा मुक्ति, स्वच्छता जागरूकता, महिला स्वास्थ्य जागरूकता एवं एड्स जागरूकता परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सह प्रभारी डॉ. शेषराव नवांगे द्वारा स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए कर्तव्य एवं समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करने हेतु जागृत किया गया।

## शासकीय आईटीआई कॉलेज में विद्यार्थीयों के लिए आईबीएम स्किल वर्ल्ड कार्यक्रम हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

सिवनी यशोः- नगर कें शासकीय कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी नें बताया कि केन्द्र शासन कें सीएसआर अभियान कें अंतर्गत कौशल विकास विभाग और आईबीएम के मध्य समझौता ज्ञापन के अंतर्गत स्किल वर्ल्ड कार्यक्रम के अंतर्गत आईटीआई के विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से रोजगार मुखी व रोजगार प्राप्ति की तैयारी के विषय में कोर्स तैयार किए गए हैं । तिवारी ने बताया कि आईटीआई से डिप्लोमा प्राप्ति के पश्चात कई बार विद्यार्थियों को साक्षात्कार में असफलता का सामना करना पड़ता है जिससे वे मनवांछित




रोजगार की प्राप्ति नहीं कर पाते हैं और यह भी देखा गया है कि विद्यार्थी विषय का संपूर्ण ज्ञान तो रखते हैं फिर भी वे असफल हो जाते हैं उनके पीछे कारणों की खोज की गई तो यह समझ में आया की मु य वजह संप्रेषन क्षमता व प्रोफेशनल स्किल की कमी व व्यक्तिव में सफलता के लिए आवश्यक तत्वों का समावेश ना होना है । आईबीएम इन्ही कमीयों कों दूर करने के लिए ऑनलाइन माध्यम से कई कोर्स चला रहा है और यह कोर्स आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए पूर्णता निशुल्क है । शासन कें द्वारा प्रदेंश में मात्र 29 आईटीआई का चयन किया गया है जिसमें छपारा आईटीआई भी शामिल है । वरिष्ठ कार्यक्रम कार्यक्रम प्रबंधक राजेंद्र ने छात्रों को जानकारी दी कि साक्षात्कार के समय बॉडी लैंग्वेज कैसी होनी चाहिए ,प्रभावी संप्रेषण कौशल कों कैसे अपने व्यक्तिव में समाहित किया जायें और ऐसे ही अन्य महत्तवपूर्ण बिन्दुओं कें विषय में विस्तार से प्रकाश डाला । प्रोजे ट मेनेजर विजय साहू ने बताया कि कंप्यूटर से संबंधित स्टूडेंट के लिए एआई साइबर प्लानिंग व साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के नवीनतम विषय शामिल है । प्रदीप कुमार कोऑर्डिनेटर ने उपस्थित बच्चों का पंजीयन किया और साथ ही श्री महेंद्र पटेल नें प्रारंभिक तौर पर कैसे कोर्स में शामिल होना है और उसके पश्चात कैसे प्रमाणपत्र प्राप्त होगा और इस सर्टिफिकेट की मान्यता कहां कहां है कि कें विषय में विस्तार सें जानकारी दी । कार्यक्रम के सफल संचालन में श्री सतीश कुमार सूर्यवंशी , रंजना गुप्ता ,अमित शर्मा , हर्ष सोनी , राजकुमार सौयाम , शैलन्द्र ठाकुर , नीरज उइकें की महत्तवपूर्ण भूमिका रही ।

## जनजातीय युवाओं के लिये स्वरोजगार विकास की तीन नई योजनाएं

**भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 22.10 करोड़ रूपये और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 2.66 करोड़ रूपये वित्तीय सहायता वितरित**

भोपाल। जनजातीय कार्य विभाग के अधीन मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा तीन नई वित्तीय सहायता योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें से भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के माध्यम से जनजातीय वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनके समग्र कल्याण के प्रयास किये जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम को %भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना% में 31 जनवरी 2024 तक कुल 5 हजार 523 आवेदन मिले। इनमें से बैंकों द्वारा 716 आवेदन मंजूर कर 561 पात्र हितग्राहियों को 22 करोड़ 10 लाख 64 हजार 895 रूपये वित्तीय सहायता वितरित की जा चुकी है। केवल 155 प्रकरण वित्त सहायता वितरण की अंतिम प्रक्रिया में हैं। इस योजना में जनजातीय युवाओं को विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक लाख से 50 लाख रूपये तथा सेवा व व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक लाख से 25 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से दी जाती है। बैंक ऋण पर अधिकतम सात वर्षो के लिए पाँच प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं बैंक गारंटी का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाता है।

%टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना% में निगम को 31 जनवरी 2024 तक कुल 6 हजार 11 आवेदन मिले। बैंकों द्वारा 699 आवेदन मंजूर कर 490 पात्र हितग्राहियों को दो करोड़ 66 लाख 5 हजार 165 रूपये वितरित किये जा चुके हैं। सिर्फ 209 प्रकरण अंतिम निराकरण के लिए लंबित हैं। इस योजना में जनजातीय युवाओं को 10 हजार से एक लाख रूपए तक की स्व-रोज़गार परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से दी जाती है। बैंक ऋण पर अधिकतम पाँच वर्षो के लिए सात प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं बैंक गारंटी राज्य शासन द्वारा दी जाती है।

इन दोनों योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं लाभ प्राप्ति के लिए ÷समस्त पोर्टल÷ https://samast.mponline.gov.in पर लॉग-इन कर या जिलास्तर पर सहायक आयुक्त/जिला संयोजक जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

इसी प्रकार %मु यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना% में जनजातीय युवाओं को आजीविका, स्वरोजगार एवं नवाचार से संबंधित सामुदायिक अधोसंरचना निर्माण तथा इससे जुड़ी अन्य गतिविधियों की दो करोड़ रूपये तक की ऐसी परियोजनाएं, जिनका क्रियान्वयन लाईन विभागों की किसी प्रचलित योजना/परियोजना में किया जाना संभव नहीं हो, उसका शत-प्रतिशत शासन अनुदान से वित्त पोषण किया जाता है। इस योजना का क्रियान्वयन लाईन विभागों/कले टर के माध्यम से किया जा रहा है।

## लापरवाही करने वाले थाना प्रभारियों पर होगी कार्रवाई

सिवनी यशोः- PM क्राइम मीटिंग में एसपी ने दिए निर्देश, कहा गंभीरता से करें काम किसी ने लापरवाही की है तो कार्रवाई की जाएगी जो शिकायत आती है उस पर कार्रवाई करें डिजिटल डेस्क,सिवनी। पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को क्राइम मीटिंग में एसपी राकेश कुमार सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को गंभीरतापूर्वक काम करने को कहा है। उन्होंने चेताया है कि यदि लापरवाही की तो कार्रवाई भुगतने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि कोई भी जानकारी छिपाई नहीं जाए। पहले संबंधित एसडीओपी को जानकारी दें। यह भी पढ़े -नगर पालिका ने तहसीलदार को दिया आवेदन, सीमांकन के बाद जारी होंगे नोटिस जांच में पता लगा कि किसी ने लापरवाही की है तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी से भी उन्होंने कहा कि थानों में भी नजर बनाए रहें। समय पर सभी हों काम एसपी सिंह ने कहा कि किसी भी मामले में समय पर काम करें। शिकायत मिलने पर सही समय पर जांच कर कार्रवाई करें। यह भी पढ़े -केवलारी डकैती में शामिल था गोलीकांड का एक आरोपी आगामी कार्रवाई करते हुए प्रकरण का समय पर निकाल भी करें। ऐसा नहीं कि बेवजह प्रकरण को लंबित रखा जाए। जो जि मेदारी है उस पर जवाबदारी से काम करें। कोई भी काम किसी पर टालें नहीं। अपराधियों पर लगाएं लगाम बैठक में एसपी ने थाना प्रभारियों और एसडीओपी से कहा कि अपराधियों पर लगाम लगाए। अपने अपने थाना क्षेत्रों में गश्त करें। जो शिकायत आती है उस पर कार्रवाई करें। यह भी पढ़े -अयोध्या भेजे गए 300 क्विंटल चावल, धूमधाम से किया ट्रक को रवाना थाने का स्टाफ सही काम कर रहा है या नहीं इस पर भी ध्यान दिया जाए। थाने के सभी रिकार्डो को दुरुस्त और व्यवस्थित रखें। बैठक में एएसपी जीडी शर्मा, सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# सभी मतदाताओं से मतदान कराना बीएलओ की जि मेदारी

**रोल प्रेक्षक श्री वर्मा ने किया मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन**



मण्डला यशोः- फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक एवं जबलपुर संभाग आयुक्त अभय वर्मा ने मतदान केन्द्र ज्ञानदीप का निरीक्षण करते हुए फोटो निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण 2024 के तहत की जा रही कार्यवाहियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम काटने, तथा संशोधन के लिए भरे गए आवेदनों की जानकारी ली। श्री वर्मा ने सभी आवेदनों को निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनरीक्षण की कार्यवाही के तहत मतदाता सूची के वाचन सहित अन्य गतिविधियों के बारे में बीएलए सहित अन्य लोगों से फीडबैक भी लिया।

श्री वर्मा ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे मतदाताओं से सतत संपर्क करते हुए उन्हें नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। सभी मतदाताओं से मतदान कराना बीएलओ की जि मेदारी होती है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों को मतदान का महत्व बतलाया तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग प्रदान करने का आव्हान किया। इस दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर की सरकारी ज़मीने अवैध कब्ज़ाधारियों से असुरक्षित

- जगह - जगह हो रहे अवैध कब्जे
- खबर होने के बाद भी शांत बैठा प्रशासन
- होकर्स ज़ोन से लेकर बिंझिया तक कई जगह है अवैध कब्ज़े



मंडला यशोः- नगर पालिका मंडला और नजूल के बेफिकर रवैये के कारण नगर मे लगातार अवैध कब्ज़े बढ़ते जा रहे है । नगर मे कुछ लोग शासन के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये शासन की ही जमीन पर ही अवैध कब्ज़ा जमा कर बैठे है जिसका नतीजा यह है की नगर मे जगह ङ्क जगह अव्यवस्था फैली हुई है और क्रमबद्ध तरीके से नगर का विकास नहीं हो पा रहा है । कुछ कब्ज़ाधारी नगर पालिका द्वारा नगर के बाज़ार के विकास के लिये बनाई गई योजनाओ मे तक बाधा बनने का काम कर रहे है पर नगर पालिका और प्रशासन द्वारा उन पर कोई कार्यवाही न कर पाना शासन की किसी और व्यवस्था की और इशारा कर रहा है । वर्तमान मे शहर की स्थिति यह है की कब्जाधारक कुछ राजनेताओ के संरक्षण मे सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करते है और सीधा मामला कोर्ट तक ले जाते ही जहाँ पर यह मामला स्थिर हो जाता है (स्टे लग जाता है) और कब्जाधारी बिना किसी डर के उस जगह का उपयोग करता है जबकी कानूनन उसे उस ज़मीन पर किसी भी प्रकार का कोई कार्य और निर्माण करने का उनको कोई अधिकार नहीं होता और यह मामला वह प्रशासन के खिलाफ लड़ता है पर सोचने की बात यह है प्रशासन यह सब देख कर भी अंजान बना रहता है और कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं करता यह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता करता है ।

नगर मे बिंझिया चौराहे स्थित कॉमप्लेस मे स्थित गिरधारी की दुकान के बाजू मे दुकान से सटी ज़मीन से नाली ऊपर तक कब्ज़ा किया जा रहा है । प्राप्त जानकरी के अनुसार पहले इस ज़मीन का उपयोग कब्ज़ाधारी अपने दुकान के सामान रखने के लिये करता था पर वर्तमान मे देखने पर यह प्राप्त होता है की कब्जाधारी द्वारा दुकान से सटकर नाली के पास तक पक्का निर्माण कार्य किया जाने लगा है । जिस कारण हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर जाने वाली रोड सकरी होती जा रही है । इस कॉलोनी मे लंबे समय से बारिश के समय जलभराव की स्थिति आ जाती है ओर ऐसे मे नाली की ज़मीन के पास पक्का निर्माण समस्या को और बढ़ा देगा पर इतनी समस्याओ के बाद भी न ही जनप्रतिनिधियों ने और न ही प्रशासन ने इस पर कोई कार्यवाही की जो की प्रशासन की सोयी कार्यप्रणाली का बखूबी परिचय दे रहा है । जब हमने इस विषय मे संबन्धित व्यक्ति से बात की तो उन्होने कहा की इस कब्ज़े को तोड़ दिया जाय , पर प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरी ओर कब्जाधारक तहसील कोर्ट मे इस कब्ज़े की इजाज़त के लिये केस लगता है यह संबन्धित व्यक्ति की मंशा को व्यक्त करता है। अगर तकनीकी रूप से देख जाय तो यह कब्ज़ा पूर्ण रूप से अवैध है और इसे न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वैध करने की कोशिश की जा रही है या दूसरी भाषा मे कहे तो ज़मीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है पर प्रशासन आखे मूँदे बैठा हुआ है ।

# गेहूं उपार्जन हेतु 5 फरवरी से 1 मार्च तक होगा पंजीयन

मण्डला यशोः- रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 5 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक 36 सहकारी समितियों, एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर एवं किसान ऐप के माध्यम से किसान पंजीयन कराया जायेगा। किसान पंजीयन का कार्य करने हेतु उपार्जन की व` ब स ा इ ´ ट www.mpeuparjan.nic.in में जाकर रबी विपणन वर्ष 2024-25 में शासन से लिंक प्राप्त होने के उपरांत कियोस्क के संचालक उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित जानकारी के साथ सर्टिफिकेट अपलोड करना अनिवार्य है, जिसके तहत् कियोस्क सेन्टर को किसान पंजीयन का कार्य दिया जा सकेगा। किसानों से पंजीयन केन्द्रों में निर्धारित समयावधि में गेहूं का पंजीयन कराने की अपील की गई है।

# खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, 1 गंभीर घायल

सिवनी यशोः-सिवनी मु यालय से छिंदवाड़ा रोड स्थित नेशनल हाईवे ब्रिज के समीप एक ट्रक ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की दोनों ट्रक खेत में जाकर पलट गए। इस हादसे में 1 व्यक्ति ट्रक के नीचे फस गया और गंभीर घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 5ः30 बजे एक ट्रक रामटेक नागपुर की तरफ से आ रहा था जो नेशनल हाइवे मरझोर छिंदवाड़ा रोड स्थित ब्रिज के समीप खड़े ट्रक से टकरा गया। दोनों ट्रक खेत में जाकर पलट गए इस हादसे में 1 व्यक्ति ट्रक के नीचे फस गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने 100 डायल और कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को घटनास्थल पर मौजूद लोगों की मदद से ट्रक से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा घटना क्रम की जांच की जा रही है।

# रोजगार मेला में 52 हितग्राहियों को वितरित किए गए स्वीकृति पत्रक




**जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम संपन्न**

मण्डला यशोः- नगरपालिका टाऊन हॉल में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम एवं रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के बेरोजगार युवक, युवतियों को अपना स्वयं का रोजगार, उद्योग, सेवा इकाई स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं से जिले के 40326 लाभान्वित हितग्राहियों में से स्वरोजगार हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण स्वीकृत एवं वितरण पत्रकों में से 52 हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पत्रक प्रदाय किये गये। इस अवसर पर मुरैना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा-सुना गया। कार्यक्रम में निवास विधायक चैन सिंह बरकडे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एलडीएम मण्डला सुजय कुमार, संचालक उद्यानिकी दिलीप श्रीवास सहायक संचालक अल्प सं यक एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, एस.एल. बरकडे (खादी ग्रामोद्योग) एवं एन.के. वास्कले महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंटया मामा अर्थिक कल्याण योजना, पीएमएफएमई योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ0 भीमराव अ बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, ग्रामीण आजीविका स्व सहायता समूह, मु यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, शहरी आजीविका स्व सहायता समूह, एनयूएलएम स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अंतर्गत आवेदक, आवेदिकाओं को स्वीकृति, वितरण पत्रक प्रदाय किए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनांतर्गत अनमोल उपाध्याय को 23.50 लाख, सुनीता यादव को 20 लाख का चैक वितरित किया गया।

# कले टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा




मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री आदि तकनीकि अमला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कार्यों की सतत मॉनीटरिंग करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं।

कले टर ने निर्देशित किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी भी अपने विभाग के निर्माण कार्यों की समुचित मॉनीटरिंग करते हुए कार्य एजेंसी को सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सीएम राईज स्कूल, आंगनवाड़ी भवन, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त कक्ष तथा विभिन्न कॉलेजों में हो रहे निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द प्रारंभ कराएं। ड्राईंग तथा बजट आदि के संबंध में वरिष्ठ कार्यालयों से समन्वय करें। समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले कार्यों की स्वीकृति निरस्त करने की कार्यवाही करें। उन्होंने नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों के भूमि आवंटन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। कले ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, ईईपीआईयू जीपी पटले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में आयुष्मान भारत शिविरों का आयोजन कल से

बालाघाट = आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से बालाघाट नगर के अलग-अलग वार्डो में आयुष्मान शिविर आयोजित किये जा रहे है इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 28 व 32 के पात्र हितग्राहियों के लिए दो दिवसीय आयुष्मान शिविर का आयोजन 2 एवं 3 फरवरी को शिवमंदिर, नर्मदानगर एवं वार्ड क्रमांक 24 के हितग्राहियों के लिए 4 से 8 फरवरी तक वार्ड पार्षद श्री उज्जवल आमाडारे के निवास एवं वार्ड के अन्य स्थानों पर शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने जायेगें। पात्र हितग्राहियों से परिवार समग्र आईडी, आधारकार्ड एवं लिंक मोबाईल लाने के अपील शिविर प्रभारी श्रीमति नूतन ताम्रकार द्वारा की गई है। शिविर में पात्र हितग्राही नये कार्ड के साथसाथ पहले से बने आयुष्?मान कार्डो में अपडेशन भी करवा सकते है। शिविर में लोक जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे संबंल कार्ड, निश्शुल्?क कानूनी सलाह योजना, ईश्रम कार्ड, पेनकार्ड पीएम श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना कार्ड आदि भी बनवाकर उनसे मिलने वाले लाभों को प्राप्त कर सकते है।

# नामांतरण, बटवारा एवं त्रुटि सुधार के 1946 प्रकरण निराकृत राजस्व महाभियान के दौरान अब तक 1185 ग्रामों में बी-1 का वाचन

मंडला यशोः- राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेखों में त्रुटि रहित रिकॉर्ड रखे जाने के उद्देश्य 15 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक राजस्व महा अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामवार बी-1 वाचन, राजस्व न्यायालय आरसीएमएस में लंबित प्रकरणों का नामांतरण, बटवारा, सीमांकन अभिलेख का समय सीमा में निराकरण एवं 6 माह से अधिक लंबित राजस्व प्रकरणों का शत-शत निराकरण, ने शा तरमीम, ने शा एवं खसरा का आपस में लिंक किया जाना, पीएम किसान योजना समग्र खाते को आधार से जोड़ा जाना, ई-केवाईसी करने की कार्यवाही की जा रही है। अभियान की मंशा अनुरूप दूरस्थ क्षेत्रांतर्गत भूमि खाताधारकों को शत प्रतिशत लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वारा ग्राम स्तर पर भ्रमण कर खाताधारकों से समक्ष में आवेदन प्राप्त किये जा रहे एवं उनके त्वरित निराकरण की कार्यवाही संपादित की जा रही है। इसके लिये अभियान के दौरान कुल 1185 ग्रामों में पटवारियों द्वारा शत प्रतिशत बी-1 वाचन किया जा चुका है। नवीन दर्ज 2645 प्रकरणों में से 421 निराकृत राजस्व अभियान अंतर्गत 6 माह से अधिक नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार के कुल 2624 प्रकरण लंबित है जिनमें से कुल 1946 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकरण अभियान के दौरान कुल 2645 नवीन दर्ज प्रकरण दर्ज हुए जिनमें से कुल 421 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। शेष प्रकरण को अभियान की समय सीमा में निराकृत करने की कार्यवाही कार्यवाही गतिशील है। भूमि स्वामी जिसकी मृत्यु होने के पश्चात भी उनके उत्तराधिकारों के नाम अभिलेख में दर्ज नहीं हुए हैं जिसके लिये उनकी सूची तैयार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। 35633 हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण ने शा तरमीम कार्य के अंतर्गत खसरा अनुसार ने शान बंटाकन, डुप्लीकेट खसरा हटाना, शामिल खसरे को भिन्न कराना कार्य के अंतर्गत कुल 13261 ने शा पार्सल एवं खसरा में सुधार करने की कार्यवाही की गई है। पीएम किसान योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने के क्रम में समग्र ई-केवाईसी एवं आधार लिंकिंग के अंतर्गत कुल 35633 हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण की जा चुकी है।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभार भ

मंडला यशोः- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कुष्ठ स्पर्श अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 31 जनवरी से स्किन के प व पीओडी के प के आयोजन लगातार सभी विकासखण्डों में लगाये जा रहे हैं जिनमें विगत 10 वर्षो के मरीज के घर के सदस्य व आसपास के सदस्यों की जांच की जायेगी। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. डी.के. मरकाम ने बताया कि जिस तरह देश को चिकन पॉ स पोलियो जैसी बीमारियों से मुक्त कर दिया गया। इसी प्रकार अपने जिले को कुष्ठ मुक्त बनाना है। इसके लिए जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सभी की भागीदारी रहेगी जो घर घर जाकर कुष्ठ मुक्त ग्राम करने हेतु प्रचार-प्रसार करेंगे। अगर किसी व्यक्ति के शरीर में त्वचा से हल्के फीके दाग धब्बे, जिनमें सुन्नपन हो, खुजली न होती हो, ठण्डा-गर्म का अहसास न होता हो, हाथ पैरों में झुनझुनी, चेहरे में तेलिया तामिया चमक, शरीर में गांठ हों तो ऐसे व्यक्ति कुष्ठ संभावित हो सकते हैं। जिन्हें यथाशीघ्र स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपना जांच कराना चाहिए, जो जल्दी जांच करवायेगा वह विकृति से बच जायेगा। इस अवसर पर प्रभारी एनएमएस यूएलसी मनोज दुबे द्वारा कले टर की अपील को उपस्थितजनों को पढ़कर सुनाई गई तथा संकल्प दिलाया गया।

## न्यायालय नजूल अधिकारी सिवनी जिला सिवनी

**रा.प्र.क 0224/अ-6/2023-2024**

**ईश्तहार**

परिशिष्ट में दी गयी नजूल भूमि पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदक नरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व. भगतसिंह ठाकुर नि. कबीर वार्ड डूंडासिवनी सिवनी तहसील व जिला सिवनी ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यह भूमि नजूल रिकार्ड में खातेदार सरोज कौशल पिता कैलाशचन्द कौशल, मनीष कौशल पिता कैलाशचन्द कौशल नि. राईट टाउन जबलपुर के नाम दर्द हे।

इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/02/24 को नजूल अधिकारी सिवनी के न्यायालय में न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

| वार्ड का नाम | ब्लाक नंबर | प्लांट नंबर | रकबा | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| काजी वार्ड | 31 | 133/2 | 963 | |

जारी दिनांक 31/01/24
पेशी दिनांक 12/02/24

सही
नजूल अधिकारी
सिवनी

# गांव चलो अभियान से भाजपा संगठन होगा सुदृढ़ एवं ग्रामीण क्षेत्र मे बढ़ेगा जनाधार- रामकिशोर कावरे



बालाघाट। पूर्व मंत्री एवं नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामकिशोर नानो कावरे ने कहां की माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा जी एवं संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा जी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान से भारतीय जनता पार्टी सुदृढ़ होगी, और ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। 58 प्रतिशत वोट पाने के लक्ष्य में हम सफल होंगे।

जिला अध्यक्ष बनते ही श्री कावरे ने संगठनात्मक बैठक प्रारंभ की है। इसी क्रम में 30 जनवरी को बालाघाट नगर भाजपा एवं किरनापुर मंडल, 31 जनवरी को बालाघाट ग्रामीण मंडल 1 फ़रवरी को वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, कटोरी और खैरलांजी मण्डल की कामकाजी बैठक आहुत कर श्री कावरे ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से गांव चलो अभियान की तैयारी के संबंध में विस्तृत चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत के संकल्प के साथ गांव चलो अभियान शुरू किया गया है. इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं को सभी गांवों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अभियान की तैयारी तीन फरवरी तक पूरी कर ली जायेगी। पार्टी कार्यकर्ता 9 से 11 फरवरी तक गांवों में रहेंगे और 14 फरवरी तक अभियान की सफलता को लेकर समीक्षा बैठक की जायेगी। अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करने के लिए मंडल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। इसके तहत भाजपा गांव गांव जाकर संपर्क करेंगी। इस बीच 9, 10 और 11 फरवरी को पार्टी के बड़े नेता गांव गांव में जाएंगे और 24 घंटे बिताएंगे। इसके लिए पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं को निर्देश दिए है। इस दौरान कार्यकर्ता बूथ के वोटर्स से संपर्क कर उन तक मोदी सरकार की योजनाओं को पहुंचाएंगे।बूथों पर भाजपा की रीति नीति, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे।गांव चले अभियान के तहत पार्टी का लक्ष्य विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर हार मिली है उनको जीतना और जीते हुए बूथों पर 10 फीसदी वोटर शेयर बढ़ाना लक्ष्य है। श्री कावरे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लागू करके 58त्न वोट हासिल करने का लक्ष्य हासिल करना है. गांव चलो अभियान के माध्यम से जब लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलेगा तो लोगों में पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ेगा और भाजपा कार्यकर्ताओं का स मान भी होगा।

# मोदी सरकार का बजट युवा गरीब महिला किसान का कल्याण करेगा- कावरे



बालाघाट। पूर्व मंत्री एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रामकिशोर नानो कावरे ने मोदी सरकार द्वारा आज 1 फरवरी 2024 को प्रस्तुत किए गए अंतरिम बजट को युवा गरीब महिला किसानो का कल्याण करने वाला बजट करार दिया है। श्री कावरे ने कहा कि हिंदुस्तान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीबी से मुक्ति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 25 करोड लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं बजट में आयुष्मान योजना से आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जोड़ने का निर्णय महत्वपूर्ण है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को निशुल्क टीकाकरण का फैसला भी सरकार की जनकल्याणकारी सोच को व्यक्त करता है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान... सभी को सशक्त करेगा।ये बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। यह प्रगतिशील सरकार का प्रगति दिशा निर्देशन बजट है जिसमें आनेवाले 25 वर्षों में कैसे देश विकसित होगा इसका ये रोडमैप है।पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ। 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे। 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल योजना का लाभ मिला है। इनकम टै स में कोई बदलाव नहीं। 1 करोड़ टै स पेयर्स को मिलेगा फायदा। कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में दो करोड़ घर और बनेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले 5 साल में ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे। हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी।